# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष / फैक्स : 01342—252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 4423 / प्रेस कटिंग / 38 दिनांकः—24.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :—** **उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से द्वारा प्राप्त दैनिक भास्कर दिनांक 21 अगस्त 2026 प्रेस कटिंग **'' जल जीवन मिशन के चलते सड़कें टूटी, पानी भरा, ग्रामीण परेशान, मरम्मत नहीं होने से आवागमन बाधित ''** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः—

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| मंडावली थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव में श्हर घर नल योजनाश (जल जीवन मिशन) के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। गांव की पक्की और इंटरलॉकिंग सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे आवागमन में भारी दिक्कत आ रही है।<br><br>योजना के तहत पानी की टंकी और पाइपलाइन के काम के लिए मुख्य रास्तों को खोदा गया था। काम पूरा होने के बावजूद ठेकेदार या संबंधित विभाग ने सड़कों को ठीक नहीं कराया। इसके परिणामस्वरूप, पूरा रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है और लोगों का चलना—फिरना मुश्किल हो गया है।<br><br>राकेंद्र देशवाल, सुरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, अजीत, तेजपाल और सत्यपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें और स्कूली बच्चों को आने—जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में सड़कों पर पानी भरा रहता है, जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राजपुर नवादा पे0यो0 विकास खण्ड नजीबाबाद में फेज—।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0 प्रा0 लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है, पेयजल योजना में ग्राम हकीमपुर सम्मलित है।<br>योजना के अन्तर्गत दिनांक 22.08.2026 को सम्बन्धित समबन्धित जूनियर इंजीनियर एवं एजेन्सी के इंजीनियर द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया एवं अवगत कराया गया कि योजना के अन्तर्गत टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, पाइप लाईन का कार्य पूर्ण है, अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है ग्राम में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्राम में कुछ स्थलो पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है जो वर्तमान में कावड़ यात्रा के कारण बड़े वाहन प्रतिबन्धित होने की वजह से साईट पर मटेरियल न पहुंच पाने के कारण बन्द है। 15 दिन में अवशेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।<br>एजेन्सी के पत्रांक 1171/LC inftra /Bijnor Dated 22-08-2026 के द्वारा योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि योजना के अन्तर्गत डायरैक्ट पम्पिंग से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। 15 दिन में अवशेष रोड रेस्टोरेशन के कार्य को पूर्ण कर दिया जायेगा।<br>योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने एवं ग्राम में नियमित रुप से जलापूर्ति किये जाने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी एजेन्सी को निर्देशित कर दिया गया हैं। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3— जिलाधिकारी महोदया, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4— जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
5— श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता / श्री सचिन देव शर्मा जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6— प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

lc infra

(Formerly known as Laxmi Construction)

पत्रांकः- 1171/LCInfra/Bijnor

दिनांक :22-08-2026

सेवा में,

अधिशाशी अभियंता

खण्ड कार्यालय,

ऊ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

बिजनौर।

विषय :- जल जीवन मिशन के अंतर्गत परियोजना राजपुर नवादा ब्लॉक- नजीबाबाद में समाचार पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई शिकायत के संबंध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अनुरोध के साथ अवगत करवाना है कि कि जनपद बिजनौर में ग्राम पंचायत राजपुर नवादा विकास खण्ड नजीबाबाद में जल जीवन मिशन के तहत योजना का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत दिनांक 21.08.2026 को समाचार पत्र के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई है, ग्राम पंचायत राजपुर नवादा विकास खण्ड नजीबाबाद पेयजल योजना में ट्यूबवेल, पंप हाउस, बाउंड्री वाल का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं ओवर हेड टैंक का कार्य प्रगति पर है योजना पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति लगातार की जा रही है एवं योजना पर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है परन्तु वर्तमान में कांवड यात्रा के चलते बड़े वाहनों का आवागमन बंद होने के कारण मटेरियल साईट पर न पहुच पाने के कारण कुछ जगह पर सड़क निर्माण का कार्य होना बाकी है 15 दिन के अन्दर शेष बचे सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करवा दिया जायेगा।

यह योजना मान्य प्रधानमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजना है जिसको समय से पूरा करने में सहयोग करे।

INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED AHMEDABAD

एल०सी०इन्फ्रा० प्रोजेक्ट्स प्रा०लि०

LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED
CIN:U45209GJ2018PTC103009
409-410, 401, Iscon Elegance, Near Jain Temple, Prahladnagar Cross Road, S G Highway, Ahmedabad, Gujarat, India. PIN - 380 015.

ISO 9001:2015 CERTIFIED

Tele : +91 66168765/66
E-Mail : info@laxmibiz.com
Web : laxmibiz.com